गुरुवार
29 जून, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



ट्रक से टकराई कार, एनडीआरएफ जवान की मौत, पत्नी, बेटी-बेटा गंभीर रूप से घायल 2

## खबरें फटाफट

### भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय पर केस

**नई दिल्ली।** भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय के खिलाफ कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एफआईआर दर्ज की गई है। अमित मालवीय पर विवादित ट्वीट करने का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस के रमेश बाबू की शिकायत के बाद, मालवीय पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ ट्वीट के लिए बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 153 ए, 120 बी, 505 (2), 34 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### देशद्रोह कानून समय की मांग: न्यायमूर्ति ऋतुराज

**नई दिल्ली।** विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ऋतुराज अवस्थी ने कहा कि देशद्रोह कानून समय की मांग है। देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए इसकी बहुत आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि कश्मीर से केरल तक और पंजाब से उत्तर पूर्व तक, अगर आप स्थिति देखेंगे, तो आप देखेंगे कि यह देश की अखंडता के लिए आवश्यक है। वहीं समान नागरिक संहिता पर विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ऋतुराज अवस्थी ने बताया कि हमें समान नागरिक संहिता पर भारी प्रतिक्रिया मिली है। कल तक, हमें 8.5 लाख प्रतिक्रियाएं मिली हैं। यूसीसी कोई नई बात नहीं है। यह मुद्दा पहले भी उठ चुका है। हम सभी हितधारकों और संगठनों के साथ व्यापक विचार-विमर्श करने का प्रयास कर रहे हैं।

केंद्र का फैसला: पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई मंजूरी

# राहत... गन्ने के समर्थन मूल्य में 10 रु. प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी

- ♦ पिछले 9 सालों में गन्ने के रेट में 105 रुपये की बढ़ोतरी
- ♦ नए सत्र यानी एक अक्टूबर 2023 से गन्ने की एफआरपी 315 रु हो जाएगी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने बुधवार को गन्ना किसानों को बड़ी राहत दी है। केंद्र सरकार ने गन्ने का समर्थन मूल्य (एफआरपी) बढ़ाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में गन्ने पर एफआरपी 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा दी गई है। कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) पहले ही सरकार को इसकी सिफारिश कर चुका था। अब कैबिनेट की बैठक के बाद सरकार ने इसपर मंजूरी भी दे दी है। सरकार द्वारा बढ़ाई गई एमएसपी नए गन्ना सत्र से लागू होगी। इस सत्र की शुरूआत एक अक्टूबर 2023 से होगी, जो 30 सितंबर 2024 तक होगा। साल 2021 में गन्ने की एमएसपी में 5 रुपये की वृद्धि कर 290 रुपये कर दिया गया था। 2022 में इसमें 15 रुपये का इजाफा करके 305 रुपये किया गया था। अब 10 रुपये की बढ़ोतरी से नए सत्र में गन्ने की एफआरपी 315 रुपये हो जाएगी।

बता दें कि साल 2013 और 2014 के सीजन में गन्ने की 2013-14 की तो गन्ने का एफआरपी सिर्फ 210 रुपये प्रति क्विंटल था। 9 सालों में गन्ने की एफआरपी में कुल 105 रुपये की प्रति क्विंटल रुपये की बढ़ोतरी हुई। इसके अलावा 2013-14 में गन्ने की खरीदारी तकरीबन 57 हजार 104 करोड़ रुपये की हुई थी। वहीं, 2022-23 में कुल 1 लाख 13 हजार करोड़ रुपये की खरीदारी हुई। एमएसपी नए गन्ना सत्र से लागू होगी।



### यूरिया स्कीम के लिए 3 लाख 68 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान

सरकार ने यूरिया स्कीम के लिए 3 लाख 68 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। साथ ही पीएम प्रणाम योजना की शुरूआत भी की जा रही है। इस योजना के तहत अगर कोई राज्य खेती-किसानी में केमिकल फर्टिलाइजर की कमी लाती है तो उसपर बचने वाली सब्सिडी को राज्य सरकार को दिया जाएगा। इसके अलावा सरकार मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस यानी टऊअ के लिए 1451 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। इसके तहत ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर को बढ़ावा दिया जाएगा। इन ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर को गोवर्धन स्कीम के तहत बनाया जाएगा। इसके तहत प्रति मीट्रिक टन जैविक खाद बेचने पर किसानों को 1500 रुपये की आर्थिक मदद भी की जाएगी।

### कुछ राज्यों में कीमत ज्यादा

एफआरपी वह न्यूनतम दाम होता है जिस पर चीनी मिलों को किसानों से गन्ना खरीदना होता है। सरकार गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 1966 के तहत एफआरपी तय करती है। हालांकि, कुछ सूबों में गन्ने की खरीदारी सरकार द्वारा तय की गई कीमत से ज्यादा भी ज्यादा होगी। दरअसल, कुछ सूबों में स्टेट एडवायजरी प्राइस (एसएपी) लागू होता है. ये प्रदेश अपने स्तर पर गन्ने की कीमतें तय करते हैं। उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा उन्हीं राज्यों में शामिल हैं। पंजाब में इस वक्त गन्ने का दाम 380 रुपये प्रति क्विंटल है। हरियाणा में 372 और उत्तर प्रदेश में 350 रुपये क्विंटल का भाव है।

### इथेनॉल उत्पादन बढ़ाने पर जोर

भारत दुनिया में चीनी निर्यात करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश है। साथ ही भारत सबसे बड़ा उत्पादक देश है। अब गन्ने पर एमएसपी की बढ़ोतरी से किसानों की आय में वृद्धि होगी। देश की अर्थव्यवस्था में गन्ना उत्पादन अहम भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा सरकार इथेनॉल प्रोडक्शन पर काफी जोर दे रही है। सरकार के मुताबिक 2025-26 तक भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इथेनॉल उत्पादक देश बन जाएगा। 2025 तक, 60 एलएमटी से अधिक अतिरिक्त चीनी को इथेनॉल में बदलने का लक्ष्य है। इससे उर्जा के क्षेत्र में भारत को मजबूती मिलेगी साथ ही विदेशी मुद्रा की बचत होगी।

भ्रष्टाचार के खिलाफ वार

### लखीसराय में घूस लेते थानेदार गिरफ्तार

**लखीसराय।** लखीसराय में बुधवार को निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। घूस लेते थानेदार को निगरानी विभाग के अफसरों ने रंगे हाथ दबोच लिया। आरोप है कि मेदनी चौकी थाना के प्रभारी रणधीर कुमार सिंह एक शख्स से 40 हजार रुपये रिश्वत ले रहे थे। अचानक निगरानी की टीम वहां पहुंची और थानेदार को रंगेहाथ पकड़ा लिया । निगरानी विभाग की इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मचा हुआ है। कोई भी इस मामले पर कुछ भी बोलने से बच रहा है। दरअसल, पटना निगरानी विभाग को यह शिकायत मिली थी कि लखीसराय जिले मेदनी चौकी थाना के प्रभारी रणधीर कुमार सिंह केस में मदद पहुंचाने के लिए घूस मांग रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद निगरानी की टीम ने इस मामले को गंभीरता से लिया और जांच की। इसमें मामला सही पाया गया। इसके बाद डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर कार्रवाई की गई।

### कार्यपालक अभियंता घूस लेते गिरफ्तार

**किशनगंज।** किशनगंज में भवन निर्माण विभाग के भ्रष्ट कार्यपालक अभियंता प्रवीण कुमार को निगरानी ब्यूरो ने 1.10 लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी कार्यपालक अभियंता ने नरेश कुमार से सिविल कोर्ट में सीजीएम ऑफिस के सामने पेवर ब्लॉक रोड निर्माण एवं मोतीहारा अनुसूचित जाति छात्रावास मरम्मति कार्य पूर्ण करने के बाद लगभग 7 लाख रू के भुगतान के लिए रिश्वत की मांग की थी। पीड़ित ने इस संबंध में निगरानी में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

## यूपी टाउनशिप नीति 2023 को लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी



- ♦ सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई प्रस्ताव मंजूर
- ♦ प्रदेश के छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना होगी लागू

**एजेंसी/लखनऊ**

योगी सरकार ने बुधवार को प्रदेश के छोटे उद्यमियों के लिए बड़ी घोषणा की है। प्रदेश सरकार सूक्ष्म उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना लागू कर रही है। इसके तहत दुर्घटना में मृत्यु होने या स्थायी अपंगता होने पर उद्यमियों के परिजनों को पांच लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। वहीं, आंशिक स्थायी अपंगता होने पर विकलांगता के अनुपात में सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। बैठक में 'उप्र टाउनशिप नीति, 2023' और 'उप्र नगर योजना और विकास अधिनियम,1973 (संशोधन) अध्यादेश 2023' को भी मंजूरी दी गई। वहीं उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- बैठक में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों के जीर्णोद्वार, मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।
- जनपद आगरा एवं मथुरा में पर्यटन विकास के दृष्टिगत हेलीकॉप्टर सेवा संचालन के लिए हेलीपैड को पीपीपी मोड पर निजी निवेशकों के माध्यम से विकसित एवं संचालित कराए जाने की मंजूरी।
- एसटीएफ लखनऊ के लिए छह इलेक्ट्रिक कार वाहनों के क्रय के लिए 99 लाख रुपये आवंटित किए जाने का निर्णय लिया गया।
- कुशीनगर में महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए अधिग्रहित भूमि को हस्तांतरित करने की मंजूरी।
- कौशांबी की तहसील सिराथू के ग्राम- कोखराज में इंडो-इजराइल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फार फ्रूट की स्थापना के लिए कृषि विभाग की भूमि उद्यान विभाग को निशुल्क हस्तांतरित करने की मंजूरी दे दी गई।

विधि विश्वविद्यालय, प्रयागराज का नाम परिवर्तित कर डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय करने पर सहमति दे दी गई है।

## प्रिंटिंग प्रेस की आड़ में पटना में छापे जा रहे थे नकली स्टांप

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के भीड़ भाड़ वाले इलाके में नकली स्टांप छापे जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने छापेमारी कर इस गिरोह का पदार्फाश किया है। मामला पीरबहोर थाना क्षेत्र के भिखना पहाड़ी इलाके का है। पुलिस ने इस मामले में नकली स्टांप के साथ 2 जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से भारी मात्रा में छपाई किए गए नकली स्टांप भी जप्त किए हैं। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टता में जब्त किए गए स्टांप नकली प्रतीत हो रहे हैं।

पुलिस का कहना है कि भिखना पहाड़ी इलाके में एक प्रिंटिंग प्रेस में वर्षों से नकली स्टांप छापने का गैर कानूनी काम किया जा रहा था। इस बात की भनक किसी तरह दिल्ली पुलिस को लग गई। भनक लगते ही दिल्ली पुलिस की टीम मंगलवार की देर शाम पटना पहुंची और पीरबहोर थाने की टीम के द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर प्रिंटिंग प्रेस पर छापेमारी किया।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने इस धंधे में शामिल दो धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने प्रिंटिंग प्रेस से लाखों की संख्या में छपाई किए गए स्टांप भी जब्त किए हैं। इसके अलावा पुलिस ने वहां से कई कागजात, स्टांप छापने के कलर बरामद किए हैं। पुलिस ने छानबीन के लिए नकली स्टांप के साथ गिरफ्तार किए गए दोनों धंधेबाजों को अपने साथ दिल्ली ले गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

## भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर पर सहारनपुर में जानलेवा हमला, पेट को छूकर निकली गोली

**एजेंसी/सहारनपुर**

उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के देवबंद इलाके में भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद पर जानलेवा हमला हुआ है। वह दिल्ली से अपने घर सहारनपुर के छुटमलपुर कस्बे जा रहे थे। इसी दौरान हरियाणा नंबर की कार से आए हमलावरों ने चंद्रशेखर पर 4 राउंड फायरिंग की। गोली उनके पेट को छूते हुए निकल गई। फायरिंग में आजाद की कार के शीशे भी टूट गए हैं। चंद्रशेखर को देवबंद के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। यहां से शुरूआती इलाज के बाद सहारनपुर के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल के बाहर समर्थकों की भीड़ लगी हुई है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद देवबंद में संगठन के एक साथी एडवोकेट अजय के घर गए थे। अजय की मां का 2 दिन पहले निधन हो गया था। चंद्रशेखर जैसे ही अजय के घर से निकलकर अपनी कार तक पहुंचे, तभी दूसरी कार से आए हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी।



इस घटना पर ट्वीट कर समाजवादी पार्टी ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाया है। पार्टी ने ट्वीट में लिखा है, सहारनपुर के देवबंद में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर आजाद पर सत्ता संरक्षित अपराधियों के द्वारा जानलेवा हमला घोर निंदनीय एवं कायरतापूर्ण कृत्य है। बीजेपी राज में विपक्षी नेता ही सुरक्षित नहीं। यूपी में जंगलराज!




सियासी हलचल: मुलाकात के बाद बिहार की राजनीतिक सरगर्मी तेज, सुशील मोदी बोले- यह महज संयोग

## पहले नीतीश कुमार फिर सुशील मोदी पहुंचे राज्यपाल से मिलने

**केटी न्यूज/पटना**

सीएम नीतीश कुमार और पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद बिहार की राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। दरअसल, बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात करने बुधवार को सीएम नीतीश कुमार पहुंचे हुए थे। इस दौरान राज्यपाल हाउस बीजेपी नेता सुशील कुमार मोदी भी पहुंच गए। इस मुलाकात के बाद बिहार की राजनीति को लेकर कई तरह के कयास भी लगाने शुरू हो गए हैं। इसे 2024 लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, इससे सवाल भी उठने लगे हैं कि क्या नीतीश कुमार फिर से नई खिचड़ी बनाने की तैयारी कर रहे हैं।



इस मुलाकात को लेकर सुशील कुमार मोदी ने कहा कि राज्यपाल हाउस संयोग है कि मुख्यमंत्री के आने के बाद मैं पहुंचा। एक औपचारिक मुलाकात थी। बहुत दिनों से मुलाकात नहीं हुई थी। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से पुरानी जान पहचान है। कॉलेज के समय एक साथ हम लोगों ने विद्यार्थी परिषद में काम किया। आगे उन्होंने राज्यपाल की तारीफ करते हुए कहा कि वो बहुत ही बेहतरीन तरीके से विश्वविद्यालय को चला रहे हैं। हायर एजुकेशन पर ध्यान दे रहे हैं। हायर एजुकेशन में लगातार वो सुधार करने में लगे हुए हैं। उनको इसलिए बधाई भी देनी थी।

**यह एक औपचारिक मुलाकात:** पूर्व डिप्टी सीएम ने सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात पर कहा कि यह एकमात्र संयोग था कि मुख्यमंत्री के पहुंचने के बाद मैं पहुंचा, लेकिन इसका कोई अर्थ नहीं निकालना चाहिए. वही, शिक्षक भर्ती में आवासीय नीति खत्म करने पर उन्होंने कहा कि यह सब बिहारियों का अपमान है। शिक्षा मंत्री कह रहे हैं कि भौतिकी, रसायन और गणित के अभ्यर्थी नहीं मिल रहे हैं तो फिर बिना परीक्षा दिए यह कैसे पता चल गया? बाहर के लोग यहां आकर पढ़ाएंगे तो बिहार के लोग कहां जाएंगे?

**सरकार की नीयत नियुक्ति करने की नहीं है:** कहा कि सरकार को इस निर्णय पर फिर से विचार करना चाहिए। इसे तुरंत वापस लेना चाहिए। शिक्षक तो तृतीय श्रेणी के कर्मी माने जाते हैं तो वर्ग तीन और चार में भी बाहर के अभ्यर्थी लाएंगे तब तो बेकार ही बिहार के अंदर इतने कॉलेज चल रहे हैं। सरकार की मंशा बहाली करने की नहीं है। इस बहाली से सरकार को 11 हजार करोड़ अतिरिक्त भार आएगा। सरकार के पास तो वेतन देने के लिए पैसे नहीं है। सरकार चाहती है कि यह मामला कोर्ट में जाए और फंस जाए। सरकार की नीयत नियुक्ति करने की नहीं है।

CMYK

## खबरें फटाफट

### नमाज स्थलों पर तैनात रहेगी पुलिस

**रोहतास।** मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा मनाए जाने वाले बकरीद को सभी धर्मों के लोग मिलकर मनाएं। उक्त बातें एसडीएम अनिल सिन्हा ने बुधवार को नगर थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से सभी मस्जिदों में नमाज स्थल पर दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। सादे लिबास में भी पुलिस इलाकों में भ्रमणशील रहेगी। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की निगाह बनी रहेगी।

### शिक्षकों के तबादला पर उठने लगे सवाल

**रोहतास।** जिला परिषद अंतर्गत आने वाले शिक्षकों को एक बार फिर अपने नियोजन इकाइयों में स्थित विद्यालयों में ऐच्छिक स्थानांतरण का मौका दिया जा रहा है। लेकिन, विभाग द्वारा किए जा रहे ऐच्छिक स्थानांतरण प्रक्रिया को ले एक बार फिर शिक्षकों द्वारा सवाल खड़े किये जा रहे हैं। उनका कहना कि ऐच्छिक स्थानांतरण वास्तव में किया जा रहा है या इसमें सेटिंग का खेल होने वाला है।

### फ्लाइट छूटी, ट्रैफिक पुलिस पर केस

**आरा।** आरा के शख्स ने फ्लाइट छूटने पर पटना ट्रैफिक पुलिस पर केस किया है। उसका कहना है कि वह आरा से पटना एयरपोर्ट जा रहा था। इस दौरान लंबे जाम में फंस गया। शख्स का आरोप है कि वहां मौजूद पुलिसवालों ने जाम हटाने की कोशिश नहीं की। इस वजह से वह समय पर एयरपोर्ट नहीं पहुंच पाया। उसकी फ्लाइट मिस हो गई। फिर उसने कोईलवर थाने में ऑनलाइन केस दर्ज कराई। केस करने वाले बड़हरा प्रखंड क्षेत्र के कृष्णगढ़ थाना सोहरा गांव के रहने वाले दयाशंकर सिंह है। 27 जून को उन्हें कोलकाता जाना था। लेकिन उनकी फ्लाइट पुलिस की लापरवाही के कारण मिस हो गई।

### अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर सीएस हुए सख्त

**रोहतास।** जिले में संचालित हो रहे अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ सिविल सर्जन ने तेवर तल्ख कर दिए हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई के लिए सिविल सर्जन डॉ. के तिवारी ने सासाराम, बिक्रमगंज तथा डेहरी अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि प्रखंड वार निबंधित अल्ट्रासाउंड सेंटरों की सूची प्रशासनिक अधिकारी को उपलब्ध कराई जा रही है जिसके आधार पर दंडाधिकारी की नियुक्ति कर अवैध रूप से संचालित हो रहे अल्ट्रासाउंड सेंटरों को सील करते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करें।

# परिवार नियोजन के प्रति जागरुकता के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर लगेगा कैंप

- 11 से 31 जुलाई तक मनाया जाएगा जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा
- राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने पत्र जारी कर सिविल सर्जन को आयोजन का दिया निर्देश



**केटी न्यूज/छपरा**

परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 11 से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के दौरान जिला एवं प्रखंड स्तर पर सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर मेला का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर परिवार नियोजन कार्यक्रम के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ एके साही ने पत्र जारी कर सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। जारी पत्र में कहा गया है कि परिवार नियोजन के विभिन्न आयामों की जानकारी देने और इच्छुक दंपतियों को परिवार नियोजन की विभिन्न सुविधाओं का लाभ लेने हेतु जागरूक किया जाना है। इसके लिए पहले प्रखंड स्तर पर सारथी रथ से प्रचार किया जायेगा। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कैंप लगाकर योग्य दंपत्ति को जानकारी दी जाएगी और पंजीयन किया जाएगा। विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। इन जानकारी के आधार पर इच्छुक लोगों को 31 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन की विभिन्न सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। पुरुष नसबंदी, महिला बंध्याकरण, गर्भनिरोधक गोलियां, गर्भनिरोधक इंजेक्शन, निरोध आदि के उपयोग के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके बाद परिवार नियोजन के विभिन्न आयामों का लाभ लेने वाले इच्छुक दंपतियों को 31 जुलाई तक चिकित्सकीय सहायता प्रदान की जाएगी। पखवाड़ा के दौरान आम जनों को जागरूक करने के लिए जिला एवं प्रखंड मुख्यालय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्तर पर 11 जुलाई को साइकिल रैली का भी आयोजन किया जाएगा। एचडब्ल्यू सुपर जन आरोग्य समिति की बैठक कर परिवार कल्याण की गतिविधियों पर चर्चा होगी। प्रतिभागियों के माध्यम से जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा में की जा रही गतिविधियों को समुदाय में बेहतर ढंग से प्रसारित किया जाएगा।

**प्रत्येक संस्थान को महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी का लक्ष्य निर्धारितः** जनसंख्या स्थिरीकरण को बढ़ावा देने के लिए 11 से 31 जुलाई तक जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें योग्य और इच्छुक लाभार्थियों को महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सभी सीएचसी, पीएचसी और सदर अस्पताल में परिवार कल्याण आपरेशन किया जाना है। इसके लिए प्रत्येक संस्थान को महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन के अस्थाई साधन की समुचित सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

### दो चरणों में होगा जनसंख्या स्थिरता पखवारा

जनसंख्या स्थिरता पखवारा दो चरणों में पूरा किया जाएगा। प्रथम चरण में इच्छुक दंपत्ति को जागरूक करना, जानकारी देना और पंजीयन करना शामिल है। सेवा दूसरे सप्ताह में प्रदान की जाएगी। इस दौरान परिवार नियोजन के उपाय के बारे में जानकारी दी जाएगी। स्थाई और अस्थाई गर्भनिरोधक उपाय अपनाने की सलाह और प्रोत्साहित किया जाएगा।

### घर-घर भ्रमण कर दंपती से किया जाएगा संपर्क

10 जुलाई तक ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं द्वारा पोषक क्षेत्रों में घर-घर भ्रमण किया जाएगा। महिलाओं और परिजनों को परिवार नियोजन के विभिन्न संसाधनों जैसे- कापर टी, कंडोम, गर्भ निरोधक गोलियां, सुई आदि की जानकारी दी गई। पुरुष नसंबदी के लाभार्थी को तीन हजार रुपया और उत्प्रेरक को 400 रुपया दिया जाता है।

## आरा-पटना हाईवे पर मनभावन मोड़ एवं कोइलवर थाना के बीच हुई घटना

# ट्रक से टकराई कार, एनडीआरएफ जवान की मौत, पत्नी, बेटी-बेटा गंभीर रूप से घायल





- पटना के बिहटा में एनडीआरएफ-9 में तैनात थे नंद कुमार
- परिवार के साथ गांव घोड़ादेई लौटने के दौरान हुआ हादसा

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-पटना नेशनल हाईवे पर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के मनभावन मोड़ एवं कोइलवर थाना के बीच एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार पर सवार एनडीआरएफ जवान की मौत हो गई। वहीं पत्नी, पुत्री व पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सबों का इलाज पटना के निजी अस्पताल में चल रहा है। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के घोड़ादेई गांव निवासी रिटायर्ड दरोगा शंकर सिंह का 40 वर्षीय पुत्र नंद कुमार था। जख्मियों में नंद कुमार की 35 वर्षीया पत्नी महिमा देवी, 14 वर्षीया पुत्री श्रींजल सिंह एवं 12 वर्षीय पुत्र नमन सिंह शामिल है। मृतक नंद कुमार सिंह एनडीआरएफ जवान थे एवं वर्तमान में पटना के बिहटा में एनडीआरएफ-9 में तैनात थे। इधर मृत जवान के पिता रिटायर्ड दरोगा शंकर सिंह ने बताया कि वह पटना के बिहटा एनडीआरएफ में कार्यरत था और दानापुर स्थित क्वार्टर में अपने



परिवार के साथ रहता था। बुधवार की शाम वह पत्नी महिमा देवी, पुत्र नमन सिंह एवं पुत्री श्रींजल सिंह के साथ कार से अपने गांव घोड़ादेई लौट रहा था। उसी दौरान मनभावन मोड़ एवं कोइलवर थाना के बीच कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में उनके बेटे नंद कुमार सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बहू महिमा देवी, पोती श्रींजल एवं पोता नमन सिंह का इलाज पटना के निजी अस्पताल में चल रहा है। मृत जवान नंद कुमार सिंह की वर्ष 2004 में बीएसएफ में नौकरी हुई थी। इसके बाद वर्ष 2017 में वह एनडीआरएफ में आ गए थे और उसी समय से पटना के बिहटा एनडीआरएफ-9 में जवान के रूप में तैनात थे। कुछ दिन पूर्व ही उनकी बदली पश्चिम बंगाल के कोलकाता हुई थी।

### किसान की हत्या में चार के खिलाफ केस, दो आरोपित गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर में चरपोखरी थाना क्षेत्र के बजेन टोला गांव निवासी किसान उपेंद्र सिंह की हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनमें बजेन टोला गांव निवासी राजेंद्र सिंह और जीतेंद्र सिंह शामिल हैं। दोनों रिश्ते में चाचा भतीजा बताते जा रहे हैं। दोनों को मंगलवार रात कल्याणपुर गांव के बधार से गिरफ्तार किया गया है। वहीं हत्या को लेकर किसान के पुत्र अंकित कुमार की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उसमें गांव के राजेंद्र सिंह, उनके भाई रामबचन सिंह, पुत्र चंदन सिंह और भतीजे जीतेंद्र सिंह को नामजद किया गया है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि मंगलवार की शाम जमीन की मापी के विवाद में बजेन गांव निवासी उपेंद्र सिंह की लाठी-डंडों से पिटाई की गयी थी। उसमें गंभीर रूप से जख्मी उपेंद्र सिंह की मौत हो गयी थी। टीम द्वारा घटना के तुरंत बाद छापेमारी शुरू कर दी गयी थी। देर रात दोनों को कल्याणपुर गांव के बधार से गिरफ्तार कर लिया गया। दो अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को छापेमारी चल रही है।

### खैरहा में हुई मारपीट में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

**आरा।** भोजपुर के धनगाई थाना क्षेत्र के खैरहा गांव में सोमवार को दरवाजे पर कचरा फेंकने पर दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट में गंभीर रूप से जख्मी युवक संदीप शर्मा की मौत हो गई। बुधवार को इलाज के दौरान पटना पीएमसीएच में मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि सोमवार को खैरहा गांव में घर के सामने कूड़ा फेंकने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गये। इसमें जमकर मारपीट हुई। इस दौरान लाठी-डंडों के साथ ईंट-पत्थर भी चले। इस दौरान जगदीश शर्मा का पुत्र संदीप शर्मा (22 वर्ष) गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हालत गंभीर होने की स्थिति में युवक को पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया था। मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। धनगाई थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार भास्कर ने छापेमारी कर इस घटना के आरोपित कमिन्दर शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में मृत युवक की मां उर्मिला देवी के बयान पर कमिन्दर शर्मा व इसकी पत्नी, पुत्र, बहू के अलावा मुन्ना शर्मा, राजदेव शर्मा सहित कुल छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

## एक नजर

### एकौना गांव स्थित गंगा नदी में डूबे किशोर का शव दूसरे दिन हुआ बरामद, मचा कोहराम

**आरा।** भोजपुर के बड़हरा थाना क्षेत्र के एकौना गांव स्थित गंगा में डूबे युवक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव बुधवार की दोपहर



गांव के स्थित गंगा नदी के किनारे से बरामद हुआ है। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। घटना की सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृत किशोर बड़हरा थाना क्षेत्र के एकौना गांव निवासी उमाकांत पाठक का 17 वर्षीय पुत्र अंशुमन पाठक है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की दोपहर का घर से निकला और गंगा नदी में नहाने चला गया। जहां नहाने के दौरान वह उसी में डूब गया। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना मृत किशोर के परिजनों को दी। सूचना पाकर मृत किशोर के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से उसके शव की काफी खोजबीन की गई। लेकिन सोमवार को शव नहीं मिल पाया था। बुधवार की दोपहर स्थानीय ग्रामीणों ने उसका शव गांव के ही स्थित गंगा नदी के किनारे पड़ा देखा। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना मृत किशोर के परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। बताया जाता है कि मृत किशोर अपने चार बहन व दो भाई में पांचवा स्थान पर था। मृत किशोर के परिवार में मां जयंती पाठक व चार बहन एवं एक भाई है। घटना के बाद मृत किशोर के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृत किशोर की मां जयंती पाठक एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो रो कर बुरा हाल है।

### एल्युमिनियम डोर की दुकान में लगी आग, 35 लाख की संपत्ति जलकर राख

**सासाराम।** नगर थाना क्षेत्र के तकिया स्थित एक दुकान में आग लग जाने से उसमें रखी लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। मिली जानकारी के अनुसार तकिया बाजार स्थित इको फ्रेंड्स एंड फाइबर एल्युमिनियम प्लाई डोर की दुकान में बीते मंगलवार की रात भीषण आग लग गई। इसमें दुकान में पड़ा लाखों का सामान एवं 15 लाख की मशीन जलकर पूरी तरह से खाक हो गई। आग लगने की खबर लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को दी। स्थानीय लोगों की मदद से घंटों बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो चुकी थी। दुकान में आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी। दुकान मालिक शिव कुमार ने बताया कि रात्रि में तकरीबन 10 बजे हमलोग दुकान बंद कर के घर गए थे। उसके आधा घंटा बाद स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दी गई कि दुकान में आग लग गई है। फिर हमलोग दौड़े-दौड़े दुकान पहुँचे। उन्होंने बताया कि कुछ ही देर में आग ने भयंकर रूप ले लिया। इस घटना में तकरीबन 35 लाख का नुकसान हुआ है।

### वन स्टॉप सेंटर के प्रयास से बुजुर्ग महिला को मिला घर में आसरा, बेटियां करेंगी देखभाल

**जहानाबाद।** वन स्टॉप सेंटर के प्रयास से बुधवार को गंधार की रहने वाली वृद्धा सुर्यमनी देवी, पति-स्व बसंत शर्मा घर में आसरा मिला। वहीं बेटियों को मां की देखभाल की जिम्मेदारी दी गई। जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय को उपलब्ध सूचना के आलोक में वन स्टॉप सेंटर द्वारा रेलवे स्टेशन, जहानाबाद में लगभग 9-10 दिनों से जिन्दगी गुजार रही महिला को उनका हक दिलाया गया। वन स्टॉप सेन्टर द्वारा बताया गया कि चार बेटियां होने के कारण पति ने दूसरी शादी कर ली, फिर उनसे भी दो बेटियां हुईं। पति के गुजर जाने के बाद चारों बेटियों पर वृद्ध मां ने आरोप लगाते हुए बताया कि बेटियों को जमीन देने के बावजूद उनके द्वारा सेवा नहीं किया जाता। साथ ही बड़ी बेटी द्वारा घर से निकाल दिया गया। वनस्टॉप सेंटर एवं महिला थाना के सहयोग से तत्काल उन्हें रेलवे स्टेशन से लाकर अल्पावास गृह में रखा गया। चारों बेटियों को कार्यालय में बुलाकर काउंसलिंग की गई। सूर्यमनी देवी की सेवा, उनकी देखभाल एवं चिकित्सा की जिम्मेदारी चारों बेटियों को दी गई। इसकी पड़ताल वनस्टॉप सेंटर द्वारा समय समय पर की जाएगी।

### राजद विधायक ने रोहतास डीएम-एसपी के खिलाफ खोला मोर्चा

**सासाराम।** डेहरी से राजद के विधायक फतेह बहादुर सिंह ने रोहतास के डीएम-एसपी की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। दोनों पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने एवं भाजपा-आरएसएस के एजेंडे पर काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने ट्वीटर के जरिए भी यह मसला उठाया है। रोहतास के डेहरी से विधायक फतेह बहादुर ने आज कहा कि डीएम और एसपी सरकार की पीठ के पीछे सरकार को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। सरकार ईमानदारी से काम कर रही है। लेकिन रोहतास के डीएम-एसपी आरएसएस के एजेंडे और बीजेपी के इशारे पर काम कर रहे हैं। पूरे जिले में भ्रष्टाचार फैला रखा है। गलत लोगों को अरेस्ट किया जाता है और अपराधियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने यह बात डेहरी में सोमवार की शाम एक होटल पर हुई कार्रवाई के मामले में कही। इस मामले में पुलिस ने बाद में स्थानीय रिटायर्ड इंजीनियर को रात भर थाने में बिठाया था। रिटायर्ड इंजीनियर वर्तमान में ईओयू के एसपी सुशील कुमार के बड़े भाई हैं। घटना पर सुशील कुमार ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर रोहतास पुलिस के खिलाफ अपनी भड़ास निकाली थी। हालांकि बाद में पोस्ट हटा दिया गया था।

## पुराणों के अनुसार भगवान विष्णु का शयनकाल होता है चार माह, करें ऊं नमो नारायणाय का जप

# देवशयनी एकादशी आज, अब चार माह तक नही होंगे कोई शुभ कार्य

- शास्त्रों में बताया गया है कि देवशयनी एकादशी से सूर्य, चंद्रमा और प्रकृति के तेजस तत्व में आ जाती है कमी
- इसकी वजह से शुभ कार्यों का शुभ फल नहीं मिलता
- चातुर्मास की अवधि में ब्रज की यात्रा करना बहुत शुभ



**केटी न्यूज/बक्सर**

29 जून दिन गुरुवार को देवशयनी एकादशी का व्रत किया जाएगा। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी कहते हैं। देवशयनी एकादशी के दिन से भगवान विष्णु का शयनकाल प्रारंभ हो जाता है, इसलिए इस एकादशी को देवशयनी कहा जाता है। ज्योतिषाचार्य पंडित नरोत्तम द्विवेदी ने बताया कि देवशयनी एकादशी को पद्मा एकादशी, आषाढ़ी एकादशी और हरिशयनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। देवशयनी एकादशी के चार महीने बाद प्रबोधिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु जागते हैं। चार माह की इस अवधि को चातुर्मास कहा जाता है। इस दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता।

**चातुर्मास में सभी तीर्थ आ जाते हैं ब्रजधामः पं. द्विवेदीः** पंडित नरोत्तम द्विवेदी ने कहा कि देवशयनी एकादशी को हरिशयनी एकादशी भी कहा जाता है। सृष्टि के संचालक भगवान विष्णु इस तिथि से चार महीनों के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं। चार माह की इस अवधि को चातुर्मास कहा जाता है। शास्त्रों में बताया गया है कि देवशयनी एकादशी से सूर्य, चंद्रमा और प्रकृति के तेजस तत्व में कमी आ जाती है। इसकी वजह से शुभ कार्यों का शुभ फल नहीं मिलता। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि चातुर्मास में सभी तीर्थ ब्रजधाम आ जाते हैं, इसलिए इस अवधि में ब्रज की यात्रा करना बहुत शुभ माना जाता है। इस एकादशी का व्रत करने और भगवान विष्णु की पूजा अर्चना करने से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और धन-धान्य की कमी नहीं होती है। साथ ही इस पवित्र तिथि पर दान पुण्य करने से सभी तरह के पापों से मुक्ति मिल जाती है।

### पीला कपड़ा बिछा भगवान विष्णु की प्रतिमा करें स्थापित



पं. नरोत्तम द्विवेदी

पंडित नरोत्तम द्विवेदी ने कहा कि देवशयनी एकादशी के दिन ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान व ध्यान से निवृत होकर हाथ में अक्षत लेकर व्रत का संकल्प लें। इसके बाद एक चैकी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाकर भगवान विष्णु की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें और चारों तरफ गंगाजल से छिड़काव करें, फिर षोडषोपचार विधि से भगवान विष्णु की पूजा करें। भगवान विष्णु को पीला रंग बहुत प्रिय है इसलिए भगवान को पीले फूल, पीले फल आदि अर्पित करें। इसके बाद धूप दीप जलाएं और कथा का वाचन करें। पूजन के बाद भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की आरती उतारें और विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें। भगवान विष्णु का पूजन करने के बाद पीपल और केले के वृक्ष की भी पूजा करें और सामर्थ्य के अनुसार दान पुण्य भी करें।

**देवशयनी एकादशी शयन पूजा विधि:** पंडित नरोत्तम द्विवेदी के अनुसार देवशयनी एकादशी तिथि को सायंकाल के समय भी पूजा की जाती है। अपनी सामर्थ्य के अनुसार सोना, चांदी, तांबा या कागज की मूर्ति बनवाकर गायन वादन के साथ विधिपूर्वक पूजा करें। इसके बाद शयन मंत्र का जप करते हुए सजी हुई शय्या पर भगवान को शयन करवाएं। भक्त को रात्रि जागरण करना चाहिए। भगवान का सोना रात्रि के समय, करवट बदलना संधिकाल में और जागना दिन में होता है।

## खबरें फटाफट

### किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**चौसा।** मुफ्स्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच करने गई किशोरी के साथ एक युवक ने घिनौनी हरकत कर दी हैं। घर आकर जब पीड़िता ने परिजनों से इसकी शिकायत की तो परिजन उसे लेकर थाना गए। शिकायत मिलते ही मुफ्स्सिल थानें की पुलिस रात में ही किशोरी की निशानदेही पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। जानकारी के अनुसार उक्त गांव में यूपी के मोहम्दाबाद का राहुल कुमार राजभर नामक एक युवक अपने बुआ के घर कुछ दिनों से रह रहा था। मंगलवार की रात वह घर से शौच करने निकली किशोरी को अकेला देख जबरन पकड़ लिया और दुष्कर्म किया।

### मारपीट के आरोपी दंपति गिरफ्तार

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के लहना गांव में मंगलवार को मामूली बात पर सुरेन्द्र चौरसिया तथा उसकी पत्नी ने मिल अपने भाई नारद चौरसिया की पत्नी मुन्नी देवी समेत चार लोगों को धारदार हथियार से मार जख्मी कर दिया था। इस मामले में पीड़ित मुन्नी के बयान पर एफआईआर दर्ज करने के बाद कोरानसराय पुलिस ने सुरेन्द्र चौरसिया तथा उसकी पत्नी सुनीता देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। वही गंभीर रूप से जख्मी हरेराम चौरसिया व आशा देवी की हालत दूसरे दिन भी गंभीर बनी हुई हैं।

### घर में घुस महिला की पिटाई, पांच पर दर्ज कराया मामला

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के गड़ही टोला में घर में घुस एक महिला की पिटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया हैं। यही नहीं बल्कि बीच बचाव करने आई गोतिनी तथा उसके लड़के को भी पीटा गया तथा जाते जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दिया हैं। इस मामले में पीड़िता बिरेन्द्र पासवान की पत्नी कांति देवी ने पड़ोस के निर्मल पासवान तथा उनके चार पुत्रों पर घर में घुस मारपीट करने, सोने की चेन छिनने तथा भतीजे को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।

### दंपति की पिटाई, जीउतिया छीना

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत कोपवां गांव में मामूली बात पर आरोपियों ने एक दंपति पर लाठी डंडे व धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में विश्वनाथ साह जहां बेहोश हो गए वही उनकी पत्नी रीमा देवी के पेट में भी गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि आरोपियों ने लात घूसे से उसके पेट में मारा है तथा हो हल्ला सुन जब आस पास के लोग पहुंचे तो मेरे गले से जीउतिया छीन भाग गए। पीड़िता ने इस मामले में रामायण साह, रामझरिया देवी, सुधा कुमारी व सोमारी कुमारी पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# बकरीद आज... ईदगाहों में होगी मुख्य नमाज, चाक चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

- पूर्व संध्या पर प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च, ईओ ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा
- सद्भाव के साथ भयमुक्त माहौल में बकरीद मनाने की अपील

**केटी न्यूज/डुमरांव**

गुरूवार को बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई हैं। बकरीद के पूर्व संध्या पर अनुमंडल प्रशासन ने शहर तथा आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाल लोगों को सद्भाव तथा भयमुक्त माहौल में बकरीद मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में एसडीओ कुमार पंकज, एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के साथ ही डुमरांव, नया भोजपुर ओपी, कृष्णाब्रह्म सहित अनुमंडल के कई थानों की पुलिस मौजूद रही। एसडीओ कुमार पंकज ने लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद मनाने की अपील की हैं। प्रशासन द्वारा निकाले गए फ्लैग मार्च से उपद्रवी तत्वों में भय व्याप्त हो गया।



### कार्यपालक पदाधिकारी ने लिया सफाई का जायजा

बकरीद पर्व को लेकर नगर परिषद प्रशासन ने सफाई व्यवस्था में कोताही बरतने वाले सुपरवाइजरों को कड़ी चेतावनी दी हैं। नप प्रशासन ने निर्देश जारी करते हुए शहर और विस्तारित क्षेत्र के मस्जिदों के आसपास सफाई के साथ पानी का छिड़काव तथा ब्लीचिंग व चूना का छिड़काव कराने की रणनीति तय की हैं। साफ-सफाई में कोताही बरतने वाले सुपरवाइजरों पर कार्रवाई की जायेगी। बुधवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने ईदगाह के अलावे सभी मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई को लेकर निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया हैं। सफाई व्यवस्था की निगरानी को लेकर नप के प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह और उप सहायक बजेंद्र राय की देखरेख में दो टीमें गठित की गई हैं। सफाई कार्य से जुड़े सुपरवाइजरों को हर स्तर पर बुधवार की रात्रि तक सफाई कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया गया है। इओ ने बताया कि डुमरांव शहरी क्षेत्र में 13, पुराना भोजपुर में 2 और नया भोजपुर में 9 मस्जिदों को चिन्हित किया गया हैं, जहां बकरीद पर्व को लेकर साफ-सफाई का काम पूरा करने का निर्देश दिया गया हैं। वहीं डुमरांव के पांच, पुराना भोजपुर के दो और नया भोजपुर के तीन मस्जिदों में नमाजियों द्वारा नमाज अदायगी की जाती हैं। इन मस्जिदों के आसपास मुख्य रूप से ब्लीचिंग पाउडर और चुना का छिड़काव किया जायेगा। डुमरांव के ईदगाह में नमाजियों की भीड़ उमड़ती हैं। वहां पानी का टैंकर, साफ-सफाई और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव के साथ सड़क व गलियों को भी चकाचक किया जायेगा ताकि नमाजियों को आने-जाने में कोई परेशानी नही उठानी पड़े। सफाई व्यवस्था को लेकर दो टीमें गठित गयी है, जो निगरानी करेगी।

**मुख्य नमाज के दौरान स्टेशन रोड में बाधित रहेगा परिचालनः** बकरीद का मुख्य नमाज स्टेशन रोड स्थित ईदगाह में पढ़ी जाएगी। नमाज सुबह 7.30 बजे से पढ़ी जाएगी। इस दौरान ईदगाह के पास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। वहीं एहतियात के तौर पर नमाज के दौरान स्टेशन रोड में परिचालन बाधित रहेगा। वहां बैरियर लगाकर वाहनों का परिचालन कुछ देर के लिए रोका जाएगा।

## डुमरांव एसडीएम ने अनुमंडल के सभी सीओ और थानेदारों के साथ की बैठक

# भूमि विवाद के बढ़ते मामलों पर एसडीएम गंभीर, बोले-दबंगों पर करें सख्त कार्रवाई

- एसडीएम ने भूमि विवाद संबंधित मामलों की समीक्षा की
- नियमित मॉनिटरिंग करने और जरूरत पड़ने पर सख्त कदम उठाए जाने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**



अनुमंडल क्षेत्र में बढ़ते भूमि विवाद संबंधित मामलों पर एसडीओ कुमार पंकज सख्त हो गए हैं। उन्होंने बुधवार को अनुमंडल के सभी अंचलों के सीओ के साथ बैठक कर भूमि विवाद संबंधित मामलों की समीक्षा की तथा सभी अंचलों में भूमि विवाद से जुड़े अधिक मामलों को देख एसडीओ काफी गंभीर हो गए तथा इसे कम करने का फरमान सुनाया। एसडीओ ने कहा कि हर शनिवार थानों में जनता दरबार का आयोजन किया जाता हैं। बावजूद भूमि विवाद संबंधित इतने मामले कैसे बढ़ रहे हैं, इसकी नियमित मॉनिटरिंग होनी चाहिए तथा जरूरत पड़ने पर सख्त कदम भी उठाए जाने चाहिए।

**जटिल मामलों में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्णः** बैठक के दौरान एसडीओ ने कहा कि भूमि विवाद के सामान्य मामले शनिवार को लगाये जा रहे कैंपों में वादी और प्रतिवादियों के बीच आपसी समझौते से निपटाने में तेजी आयी हैं। लेकिन अभी भी सैकड़ो मामलें पेंडिंग हैं, जिसका निपटारा शीघ्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन भूमि विवादों का मामला जटिल हैं तथा खून खराबे की आशंका बनी हुई हो उसे सुलझाने में पुलिस-प्रशासन की सहभागिता तथा सक्रियता बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि कई मामले ऐसे है जहां 144 धारा लागू होने के बाद भी दबंग पक्ष अपना काम आसानी से करता हैं। यह गंभीर विषय हैं, पुलिस को ऐसे मामलों में शिथिल नहीं होना चाहिए। वैसे विवादित मामलों में पुलिस की पैनी नजर रहनी चाहिए ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे। शिविरों में प्रतिवादी पक्ष नहीं आता है तो पुलिस नोटिस भेजकर चौकीदार के माध्यम से उसे बुलाकर सुलझाने का प्रयास करना चाहिए। नहीं आने वालों पर उचित कार्रवाई भी करनी चाहिए। ताकी लोगों में कानून का भय बना रहे।

**प्राथमिकता के आधार पर हो मामलों का चयनः** एसडीएम ने कहा कि प्रथमिकता के आधार पर गंभीर मामलें को पहली श्रेणी और सामान्य मामले को दूसरी श्रेणी में रखकर सीओ और थानाध्यक्ष मामलों का निष्पादन करेंगे। उन्होंने दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति के आधार पर निपटारा कराने पर विशेष बल दिया और कहा कि ऐसा होने पर भविष्य में भी विवाद की संभावना नहीं रहती हैं।

**एसडीपीओ ने सूचनाओं के आदान प्रदान पर दिया जोरः** वहीं एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने भूमि विवाद के मामले की त्वरित कार्रवाई करने को लेकर थानाध्यक्षों तथा अंचलाधिकारियों को एक दूसरे से सूचनाओं का आदान-प्रदान करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद में अपराध करने वाले किसी भी व्यक्ति को बक्शा नहीं जायेगा। थानाध्यक्ष ऐसे मामलों की पहचान कर इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को दे साथ ही लंबित कांडो का निष्पादन करने का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने कहा कि जिन मामलों में हिंसा की आशंका हैं वहां पुलिस को हर जरूरी कदम उठाना हैं जिससे हिंसा रूकें। मौके पर सभी प्रखंडों के अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

**हाल के दिनों में बढ़े हैं भूमि विवाद संबंधित मामलेः** बता दें कि डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में हाल के दिनों में भूमि विवाद से संबंधित मामलों में बेहतासा वृद्धि हुई हैं। इसी सप्ताह केसठ में भूमि विवाद में एक महिला की हत्या की गई हैं। जबकि पिछले महीने शिक्षिका कविता देवी की हत्या भी भूमि विवाद में ही हुई थी। अनुमंडल के विभिन्न थानों में भूमि विवाद से संबंधित मामले आए दिन दर्ज हो रहे हैं। जिससे प्रशासन की मुश्किलें भी बढ़ रही हैं। इसी को देखते हुए एसडीओ ने बैठक में सख्त रूख अपनाया।

**क्या कहते हैं एसडीओः** जमीन विवाद से संबंधित मामलों का निष्पादन प्राथमिकता में शामिल हैं। सरकार का भी प्रयास हैं कि जमीन विवाद के मामलें कम हो। हर शनिवार थानों में जनता दरबार लगाया जा रहा हैं। भूमि विवाद के निपटारे के लिए कई आवश्यक कदम भी उठाए जा रहे हैं।

## तीन लाख रु. के गहने की चोरी तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय थाना क्षेत्र के हरनाहा गांव में गोदरेज के अलमीरा तोड़कर करीब तीन लाख के गहने चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस मामले में हरनाहा गांव निवासी राजेंद्र यादव की पत्नी मुनरी देवी ने दो लोगों के खिलाफ चोरी का आरोप लगाते हुए नामजद मामला दर्ज कराया हैं। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी हैं।

पीड़िता ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि रात्रि पहर खाना खाकर छत पर सोने चली गयी थी। जब मैं गहरी नींद में थी तो मेरे कमरे का खिड़की तोड़कर चोर अंदर आ पहुंचे और गोदरेज अलमीरा तोड़कर तीन लाख के सोने व चांदी के गहने चोरी कर फरार हो गये। पीड़िता ने इस मामले में सुरेंद्र यादव और उनकी पत्नी पर चोरी किये जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसके पूर्व भी मेरे घर से चोरी किया गया मोबाइल इन्हीं के घर से बरामद हुआ था।

पिछले दिनों इन लोगों ने गहने को लेकर धमकी दी थी, जिसके लिए पंचायत भी हुई थी। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी हैं। सूत्रों की मानें तो इसको ले गांव में अनेकों तरह की चचाएं हो रही हैं।

## तालाब में जहर डालने से सभी मछलियां मरीं

**केटी न्यूज/चौगाईं**

मुरार गांव स्थित एक निजी तालाब असमाजिक तत्वों द्वारा डाले गए जहर से करीब पांच लाख की मछलियां मर गई हैं। जिस कारण मत्स्य पालक गहरी निराशा में डूब गया हैं। वह एक निजी तालाब को किराए पर ले उसमें करीब 1 लाख रूपए का मछली का बीज डाला था। जिसमें तकरीबन पांच लाख रूपए मूल्य की मछलियां तैयार हुई थी। लेकिन मंगलवार की रात किसी ने उसमें जहर डाल दिया, जिससे मछलियां मर गई हैं।



पिछले साल भी इसी मत्स्य पालक के दूसरे तालाब में जहर डालने की घटना हुई थी। जानकारी के अनुसार मुरार निवासी जितेन्द्र साहू मध्य विद्यालय के पास स्थित रामरंजन प्रसाद सिन्हा के निजी तालाब को किराए पर ले उसमें मछली पालन किया था। मंगलवार की रात वह मछलियों को चारा डाल घर सोने चला गया था। देर रात किसी असमाजिक तत्वों ने उसमें जहर डाल दिया। जिससे सुबह में मछलियां मरने लगी। जितेन्द्र ने बताया कि देखते ही देखते करीब पांच लाख रूपए मूल्य की मछलियां मर गई हैं। जितेन्द्र ने बताया कि पिछले साल भी शिव मंदिर के पास वाले तालाब में जहर डालने से लाखों की मछलियां मरी थी। हालांकि पीड़ित द्वारा इस मामले में देर शाम तक एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था। उसने बताया कि वह मरी हुई मछलियों को बक्सर स्थित प्रयोगशाला में जांच करवाने ले जाएगा कि इनकी मौत जहर से हुई हैं या फिर किसी बीमारी से।

## एक नजर

### एनएच 922 पर दुर्घटनाओं को रोकने व घायलों के तत्काल इलाज के लिए गठित हुई समिति



**कृष्णाब्रह्म।** एनएच 922 पर लगातार हो रहे दुर्घटनों को रोकने के लिए अब कृष्णाब्रह्म पुलिस काफी सक्रिय हो गई हैं। बुधवार को कृष्णाब्रह्म थाना परिसर में क्षेत्र के सभी मुखिया तथा अन्य पंचायत प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने किया। बैठक में थानाध्यक्ष ने बताया कि एनएच 922 का चौड़ीकरण होने के बाद सड़क दुर्घटनाओं में बेतहासा वृद्धि हुई हैं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा जख्मी लोगों को तत्काल प्राथमिक इलाज करवाना हम सभी का कर्तव्य हैं। उन्होंने कहा कि अधिकतर दुर्घटनाएं एक ही लेन में दोनों तरफ से वाहनों के परिचालन से हो रही हैं। जबकि बाइक चालकों के हेमलेट नहीं पहनने तथा चार पहिया चालकों के सीट बेल्ट नहीं बांधने से गंभीर चोटें लग रही हैं। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधयों के साथ एक समिति का गठन किया। जिसमें थाना क्षेत्र के सभी पंचायतों के मुखिया को उस समिति का अध्यक्ष बनाया गया तथा वे अपने अपने पंचायत के अंतर्गत पड़ने वाली सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं में जख्मियों को अस्पताल पहुंचाएंगे तथा लोगों को परिवहन नियमों का पालने करने के लिए जागरूक भी करेंगे। थानाध्यक्ष ने कहा कि अगर कोई सड़क पर गलत लेन में चल रहा है तो उसको समझाया जाय कि अपने लेन में चलें। अगर बाइक से चलते है तो हेमलेट पहनकर चले अगर चार चक्का से चल रहे है सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें। जनप्रतिनिधियों के साथ हर समिति में एक पुलिस पदाधिकारी को शामिल किया गया है। सड़क सुरक्षा को लेकर जिन पंचायतों को शामिल किया गया है उसमें योगियां, नुआंव, कठार, ढकाइच शामिल हैं। समिति की अध्यक्ष मुखिया को बनाया गया है इस समिति को थाना क्षेत्र के एन एच 922 के कृतसागर गांव से नया भोजपुर स्थित कांव नदी तक सड़क सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई हैं।

### अब गरीब बच्चे ग्रहण कर सकेंगे उच्च शिक्षा आसान दर पर छात्रों को मिलेगा ऋण

**केसठ।** गरीब तबके के बच्चों को उच्च शिक्षा पाने की चाह अब सपना बन कर नहीं रह जाएगी। गरीब बच्चों के सपनों को पंख स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत मिल रहा है। सरकार की नई योजना से उच्च शिक्षा की राह आसान हुई है। योजना के तहत ग्रेजुएशन, एमबीए तथा अन्य कोर्स के लिए बच्चों को ऋण देकर उनको उच्च शिक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है। उक्त बातें बुधवार को केसठ में आयोजित कैंप में बीईओ पूनम कुमारी ने कही। वही डीपीओ ने बताया कि सरकार की ओर से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम तीन योजनाएं चल रही है। क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 42 विषयों के लिए आसान दर से छात्रों को ऋण देकर उनको उच्च शिक्षा दिलाना मुख्य उद्देश्य है। स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत इंटर पास करने के बाद पढ़ाई छोड़ देने वाले छात्रों को चिह्नित कर उनको भत्ता देने का काम किया जाता है। कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत तकनीक के क्षेत्र में बच्चों को शिक्षित करने के लिए कंप्यूटर आदि का ज्ञान दिया जाता है। अब क्रेडिट कार्ड योजना में ऋण की राशि में भी लैपटॉप, कोचिंग का फीस, हॉस्टल की सुविधा तथा किताबों के दाम भी शामिल कर दिए गए है। डीआरसी बक्सर से आए अधिकारियों ने बताया कि जो छात्र आगे की पढ़ाई करना चाहते है वो कुछ शर्त तथा नियमों का पालन करते हुए ऑनलाइन आवेदन कर के इस योजना का लाभ पा सकते है। युवतियों के लिए मात्र एक प्रतिशत की दर से तथा युवाओं को चार प्रतिशत की दर से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। दिव्यांगजनों को दर में और भी छूट का प्रावधान है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज कुमार, भावना कुमारी, बेशलाल चौधरी, अरुण ठाकुर सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### वर्षों से एक ही जगह जमें रहने वाले 57 लिपिकों का डीएम ने किया ट्रांसफर

**बक्सर।** डीएम अंशुल अग्रवाल ने बुधवार को समाहरणालय संवर्ग के 57 लिपिकों का स्थानांतरण किया हैं। इसमें कई ऐसे लिपिक शामिल हैं जो कई वर्षों से एक ही जगह पर कुंडली जमाए बैठे थे। बड़े पैमाने पर हुए इस फेरबदल को व्यवस्था सुधार के रूप में देखा जा रहा हैं। इसकी सूची भी जारी कर दी गई हैं। जिसमें समाहरणालय, अनुमंडल, प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में पूर्व से तैनात कर्मियों का स्थानांतरण किया गया हैं। वही संबंधित नियंत्री पदाधिकारी को भी निर्देश दिया गया है कि स्थानांतरित लिपिकों को तत्काल प्रभाव से विरमित करना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही अनुपालन प्रतिवेदन देने का निर्देश भी डीएम ने दिया हैं। वही पत्र के माध्यम से स्थानांतरित लिपिकों को विरमित नहीं करने वाले संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की भी बात कही गई हैं। इसके साथ ही सभी स्थानांतरित लिपिकों का जुलाई माह 2023 का वेतन भुगतान नव पदस्थापित कार्यालय करने का फरमान डीएम ने सुनाया हैं। स्थानांतरण के साथ ही सभी संबंधित लिपिकों की पूर्व में की गई प्रतिनियुक्ति को भी समाप्त कर दिया गया हैं। डीएम की इस कार्रवाई से लिपिकों में हड़कंप मच गया है।

## गरीबा शिव सेवा समिति के तत्वावधान में महायज्ञ के आयोजन से बना हुआ था भक्तिमय माहौल

# पूणार्हुति के साथ बड़का सिंहनपुरा में आयोजित शिव पुराण महायज्ञ संपन्न

**केटी न्यूज/सिमरी**

अंचल के बड़का सिंहनपुरा गांव में आयोजित शिव पुराण महायज्ञ सह ज्ञान कथा बुधवार को पूणार्हुति के साथ संपन्न हो गया। गरीबा शिव सेवा समिति के तत्त्वावधान में 22 से 28 जून तक चले इस शिवमहापुराण महायज्ञ सह ज्ञान कथा के आयोजन से ग्रामीण उत्साहित थे। महायज्ञ के दौरान हर दिन हजारों श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर रहे थे। वही वैदिक ब्राह्मणों द्वारा किये जा रहे मंत्रोच्चार व वैदिक विधान से क्षेत्र में भक्ति रस की अविरल धारा बह रही थी। इस महायज्ञ के आयोजन से सिंहनपुरा तथा आस पास के गांवो के श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर दिन हजारों श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने आ रहे थे। वही महायज्ञ के दौरान बच्चों के मनोरंजन की भी भरपूर व्यवस्था थी।





इस महायज्ञ में चित्रकूट से आए चर्चित कथा वाचक बालकृष्ण पँडित विवेक जी महाराज के कथामृत का पान भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कर रहे थे। कथा के दौरान श्रद्धालु इतने भाव विह्वल हो जा रहे थे कि टस से मस नहीं हो रहे थे। महायज्ञ के संयोजक सह गरीबा शिव सेवा समिति के अग्रणी पंडित अंजय ओझा ने बताया कि महायज्ञ काफी सफल रहा तथा महायज्ञ को सफल बनाने में ग्रामीणों ने भरपूर सहयोग किया। उन्होंने कहा कि विश्वशांति तथा सुख समृद्धि की कामना के साथ इस महायज्ञ का आयोजन किया गया था। महायज्ञ के दौरान ग्रामीणों ने जो उत्साह दिखाया तथा आयोजन समिति को पग पग पर सहयोग किया इससे समिति का काम आसान बन गया था। बता दें कि अंजय ओझा के साथ ही मुख्य यजमान अक्षय दुबे, विष्णु वर्मा, और संतोष ठाकुर तथा आयोजन समिति के मुकेश ओझा, विकास ओझा, आशीष भंडारी ओझा, पवन ओझा लालटू, रवि ठाकुर, एवं गांव के युवाओं ने सराहनीय भूमिका निभाई। अंतिम दिन पूणार्हुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध हो प्रसाद ग्रहण किया।

सुविचार



भागवत गीता

सोच और कर्म का संतुलन ही सफल जीवन का मंत्र है।

केशव टाइम्स

बक्सर, 29 जून 2023

बड़ी खबर पेपर सॉल्वर गैंग के चार मुन्ना भाई धराए



# भोजपुर के कच्छा-बनियान गिरोह के 13 चोर गिरफ्तार, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

- गाजीपुर जिले के बहलोलपुर जुझारपुर बॉर्डर से हुई गिरफ्तारी
- चोरी किए आठ लाख के गहने व एक लाख नकद बरामद
- 11 वारदातों का हुआ खुलासा, दिन में खिलौने व शहद बेचते थे और रात में करते थे चोरी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



पुलिस ने बीते मंगलवार की रात कच्छा-बनियान गिरोह के 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक देशी तमंचा व अन्य सामान बरामद हुए हैं। गाजीपुर एसपी ओमवीर सिंह ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूचना मिली कि लगातार चोरी कर रहे कच्छा-बनियान गिरोह के लोग कहीं चोरी की घटना को अंजाम देने निकले हैं। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक टीम बनाकर भेजी गई। इसमें क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा भी थे। कच्छा-बनियान गिरोह के कुल 13 लोगों को स्वाट/सर्विलांस टीम व दुल्लहपुर पुलिस द्वारा बहलोलपुर जुझारपुर बॉर्डर से पकड़ा गया। तलाशी के दौरान सोने व चांदी के गहनों के अलावे हथियार भी बरामद हुए। पूछताछ में पता चला कि गाजीपुर की विभिन्न जगहों पर हुई चोरी के दौरान ये आभूषण चुराए गए थे।

### पकड़े गए बदमाशों में 12 भोजपुर के बिहियां थाना क्षेत्र के

इस संबंध में दुल्लहपुर थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों में 12 बिहार के भोजपुर जिले के बिहियां थाना क्षेत्र के हैं। वहीं एक मऊ जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र के गोला बाजार मऊनाथ भंजन निवासी मुकेश वर्मा पुत्र स्व. शिवशंकर वर्मा है। अन्य बारह बदमाशों की पहचान बिहिया थाना क्षेत्र के भुवर खरवार पुत्र छोटेलाल खरवार, वीरू देवगन पुत्र अजय कुमार, लंगड़ा खरवार पुत्र छोटे लाल, ममता खरवार पत्नी रघुवीर खरवार, संगीता पत्नी लंगड़ा खरवार, सुनीता पत्नी वीरू देवगन, पूजा देवी पत्नी स्व गोकुल खरवार, त्रिपुरा कॉलोनी निवासी लालपंखी पत्नी प्रीती खरवार, करिश्मा पत्नी रवीन्द्र खरवार, उपेन्द्र खरवार पुत्र जयलाल खरवार, रवीन्द्र खरवार पुत्र प्रीती खरवार के रूप में हुई है।

बरामद आभूषणों की कीमत लगभग आठ लाख रुपए है। वहीं 99730 रुपये नगद भी मिले। इनके पास से एक अवैध तमंचा, एक कारतूस, एक प्रतिबंधित चाकू व चोरी करने वाले उपकरण तथा दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। दुल्लहपुर थाना में इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये लोग परिवार के रूप में चलते हैं। दिन में खिलौने बेचते हैं, शहद बेचते हैं और टारगेट की रेकी करते हैं। रात में वारदात को अंजाम देते हैं। बताया कि 11 वारदातों का खुलासा इनकी गिरफ्तारी के बाद हुआ है। गिरोह के गिरफ्तार बदमाशों के ऊपर पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

## खबरें फटाफट

### डेढ़ वर्ष के मासूम को पिला दी ताड़ी, मौत

**मऊ।** मजाक में डेढ़ वर्षीय मासूम को ताड़ी पिलाना पड़ोसी को महंगा पड़ गया। कुछ देर में ही मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के अनुसार जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र के बसारतपुर गांव के लखवा मौजा में सुबह ताड़ के पेड़ से ताड़ी उतारने के बाद गांव के ही रामलाल पिता अशोक कुमार, सिताराम तथा गरीब कुमार पिता अशोक कुमार ने ताड़ी पीया। वहीं घर के बाहर खेल रहे डेढ़ वर्षीय आरुष पिता अजीत कुमार को भी ताड़ी पिला दी। ताड़ी पीने के कुछ देर बाद चारों की हालत बिगड़ने लगी। लगातार उल्टी होने लगी। चारों को परिवार के सदस्य जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां आरुष की मौत हो गई। वहीं अन्य तीनों ग्रामीणों की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। आरूष की मां प्रियंका को अपने इकलौते पुत्र की मौत का विश्वास ही नहीं हो रहा है। वह बार-बार बेहोश हो जा रही है।

### आलमारी तोड़ लाखों के आभूषण की चोरी

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के आनंदनगर स्थित एक मकान का ताला तोड़कर बीती रात चोरों ने लाखों रूपए के सोने चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। बुधवार की सुबह जब पड़ोसी फोन पर सूचना दी तो मकान मालिक राकेश कुमार मिश्र के पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन-फानन में मकान में पहुंचे और देखा कि घर ताला तोड़कर अंदर प्रवेश करने के बाद चोरों ने आलमारी तोड़ लाखों रूपए के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची छानबीन में जुट गई है। पीड़ित राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि उनके बड़े पिताजी का निधन होने के कारण वे भरखरा गांव में काम क्रिया में सपरिवार गया हुआ था, बुधवार की सुबह पड़ोसी ने सूचना दिया कि आपके मकान का दरवाजा टूटा हुआ है।

### ग्राम पंचायत को 16 लाख रूपए की राशि जारी, प्लास्टिक कचरे की होगी प्रोसेसिंग

# मलप हरसेनपुर में लगेगी प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, लोगों को मिलेगा रोजगार

- यूनिट के निर्माण की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत को दी गई है
- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार प्रदूषण में सबसे अधिक हिस्सेदारी प्लास्टिक कचरा की है

**केटी न्यूज/बलिया**



फाइल फोटो

नगरा ब्लॉक के मलप हरसेनपुर गांव में जनपद के दूसरे प्लास्टिक कचरा निस्तारण केंद्र का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए पंचायती राज विभाग की ओर से कवायद शुरू कर दी गई है। विभाग की ओर से ग्राम पंचायत को 16 लाख की धनराशि भी जारी कर दी गई है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इससे कई गांवों को लाभ मिलेगा। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण से गांवों को बचाने की कवायद जारी है। इसके लिए प्लास्टिक कचरे का निस्तारण अब पंचायत स्तर पर करने का कार्य शुरू हो चुका है। यूनिट के निर्माण की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत को दी गई है। इस यूनिट पर आसपास के गांवों के प्लास्टिक कचरे को मंगाकर उसकी प्रोसेसिंग की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि पंचायत स्तर पर प्लास्टिक एकत्र करने के लिए जो संग्रहण केंद्र बने हैं वहां से कचरे को प्लास्टिक प्रोसेसिंग यूनिट पर लाया जाएगा। इसमें सबसे अधिक कचरा प्लास्टिक बोतल के अलावा ड्राई फ्रूट के रैपर होंगे जिसे लोग संग्रहण केंद्रों में रखेंगे। प्रोसेसिंग से तैयार सामग्री का उपयोग सड़क निर्माण में होगा। सड़क बनाने वाली एजेंसियों को इसकी बिक्री की जाएगी। इसके लिए जिले का पहला प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट बेरुआरबारी ब्लॉक के सुखपुरा गांव में स्थापित करने का कार्य चल रहा है। अब दूसरी यूनिट स्थापित करने की भी कवायद तेज हो गई है। यह यूनिट नगरा ब्लॉक के मलप हरसेनपुर गांव में स्थापित होगी।

प्लास्टिक कचरा पर्यावरण के लिए गंभीर संकट बना हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार प्रदूषण में सबसे अधिक हिस्सेदारी प्लास्टिक कचरा की है। दस फीसदी प्लास्टिक कचरा ही री-साइकिल होता है, जबकि 90 फीसदी कचरा पर्यावरण के लिए नुकसानदेह साबित होता है। इसी को देखते हुए सरकार ने पंचायत स्तर पर इस योजना को शुरू किया है। इस यूनिट से ग्रामीणों को रोजगार भी मुहैया कराया जाएगा।

### सड़क निर्माण में काम आएगी प्लास्टिक डस्ट

प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट में प्लास्टिक को अलग-अलग तरीके से प्रोसेस करने के लिए तीन तरह की मशीनें लगाई जाएंगी। इसमें बेलिंग मशीन, डस्ट रिमूवर और कटर मशीन होगी। हार्ड प्लास्टिक को बेलिंग मशीन से कंप्रेस किया जाएगा, जबकि डस्ट रिमूवर से गंदगी बाहर निकालने की व्यवस्था होगी। कटर मशीन से सिंगल यूज प्लास्टिक को छोटे टुकड़े में काटा जाएगा जो डस्ट के रुप में होगा। यूनिट से निकलने वाले प्लास्टिक डस्ट की बिक्री सड़क निर्माण करने वाली एजेंसी को की जाएगी। प्लास्टिक को तारकोल में मिलाकर सड़कें बनाई जाएंगी, जो पहले से अधिक मजबूत होंगी और उनमें पानी रोकने की क्षमता अधिक होगी।

### क्या बोले जिला सलाहकार

जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन एस के ओझा ने बताया कि नगरा ब्लॉक के मलप हरसेनपुर गांव में जनपद के दूसरे प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण होगा। निर्माण कार्य शुरु कराने के लिए ग्राम पंचायत को धन जारी कर दिया गया है। इसके निर्माण से आसपास के गांवों को भी लाभ मिलेगा।

## एक नजर

### बलिया के जिलाधिकारी ने प्रमुख ईदगाह स्थलों का किया निरीक्षण, सुरक्षा के दिए निर्देश

**बलिया।** बकरीद त्योहार को देखते हुए जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक एस आनंद के साथ नगर की बहेरी ईदगाह और विशनीपुर मस्जिद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि इन जगहों पर साफ सफाई की व्यवस्था कराई जाए साथ ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम रखे जाए। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित एसएचओ को निर्देश दिया कि आज रात से ही पुलिस बल की तैनाती कर दी जाए और 112 की गाड़ियां लगातार गश्त करती रहें। लोगों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

### जिला जज और डीएम ने किया जेल का निरीक्षण



**गाजीपुर।** जिला जज संजय कुमार, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा संयुक्त रुप से बुधवार को जिला जेल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार में कारागार चिकित्सालय, महिला एवं पुरूष बैरक, रसोई घर आदि का निरीक्षण किया तथा कारागार में लगाए सीसीटीवी कैमरे के संचालन व्यवस्था की जांच की। जिलाधिकारी ने कारागार चिकित्सालय में भर्ती कैदियों से बीमारियों के संबंध में पूछा तथा उनके खान-पान एवं साफ-सफाई की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टॉक रजिस्टर की जांच की गई। इसके पश्चात बारी-बारी से सभी बैरकों का निरीक्षण किया गया। कारागार में रसोई घर के निरीक्षण में प्रत्येक दिन बनने वाले भोजन के मीनू की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अंदर किसी भी दशा में मोबाइल का प्रवेश न होने पाए। इसके लिए रोस्टर बनाकर चेकिंग अभियान चलाएं। इसके अतिरिक्त महिला बंदी गृह में दी जा रही सुविधाओं के बाबत भी जिलाधिकारी ने जानकारी ली।

### सीडीओ ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की तैयारियों का लिया जायजा

**गाजीपुर।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की तैयारियों के लिए राइफल क्लब के सभागार में जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की द्वितीय बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सीडीओ ने एक जुलाई से शुरू होने वाले अभियान की तैयारियों और अबतक की गतिविधियों की गहन समीक्षा की। बैठक में सीडीओ ने स्वास्थ्य विभाग समेत विभिन्न विभागों को माइक्रोप्लान के अनुसार अभियान की शत-प्रतिशत मॉनिटरिंग करने और अभियान को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया। सीडीओ ने जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) को निर्देशित किया कि पिछले अभियानों के दौरान नगर के जिन क्षेत्रों में मॉनिटरिंग नहीं हुई है, उन क्षेत्रों में विशेष रूप से जोर दिया जाए। इसके लिए एक-एक जांच अधिकारी को नामित कर अभियान से जुड़ी गतिविधियों की शत-प्रतिशत मॉनिटरिंग की जाए।

### मऊ जिले में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार

**मऊ।** जनपद में किसानों द्वारा खरीफ फसलों की कृषि का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। जिसके दृष्टिगत इस खरीफ मौसम में किसानों को उर्वरकों की समस्या से निजात पाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद मऊ की उर्वरक समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निजी एवं सहकारी इफको एवं कृभको सहित निजी क्षेत्र के समस्त उर्वरकों के थोक एवं फुटकर विक्रेता के साथ-साथ समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। जिसमें में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कुछ उर्वरक रिटेलर्स को स्मार्ट पीओएस मशीन का भी वितरण किया गया। बैठक में जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया की जनपद में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार है।

### ऐश्वर्य कुमार तिवारी ने बढ़ाया जिले का मान

**बैरिया।** एलआईसी के विकास अधिकारी चयन परीक्षा में ऑल इंडिया मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त कर दुर्जनपुर निवासी ऐश्वर्य कुमार तिवारी पुत्र दिलीप कुमार तिवारी ने घर-परिवार व गांव का मान बढ़ाया है। इनकी प्राथमिक शिक्षा गांव के ही निजी स्कूल में हुई है। सेंट जोसेफ स्कूल वाराणसी से हाईस्कूल व ज्ञानदीप इंग्लिश स्कूल वाराणसी से इंटरमीडिएट परीक्षा पास करने वाले ऐश्वर्य ने महर्षि मार्कण्डेय यूनिवर्सिटी हरियाणा से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की है। ऐश्वर्य के पिता दिलीप कुमार तिवारी बैंक एश्योरेंस एलआईसी बलिया में प्रबंधक (क्लस्टर हेड) पद पर हैं। ऐश्वर्य के बाबा सेवानिवृत्त एसआई उदयभानू तिवारी सहित परिजनों ने गांव में मिष्ठान वितरण किया।

### एसडीएम को सौंपा पत्रक

**गाजीपुर।** नहर में टेल तक पानी न पहुंचने के कारण सैकड़ों बीघा फसल बर्बाद हो जाती है। जनकल्याण संघर्ष समिति गहमर के सदस्यों ने नवागत एसडीएम को पत्रक सौंप किसानों को टेल तक पानी पहुंचाने की मांग की। एसडीएम संजय यादव को दिए गए पत्रक में बताया कि चौधरी चरण सिंह पंप कैनाल जमानिया से संचालित 38 किलोमीटर की मुख्य नहर में कई जगह फाटक लगाया गया है। संबंधित किसानों के द्वारा फाटक को बंद कर पानी को रोक लिया जाता है, जिससे गहमर परी क्षेत्र के किसानों को पानी उपलब्ध नहीं हो पाता। इस कारण करीब सैकड़ों बीघा की फसल सिंचाई के अभाव में बर्बाद हो जाती है।

## संदवापुर गांव में चोरी, नकद व सोने के गहने ले उड़े चोर



**केटी न्यूज/सिकन्दरपुर**

थाना क्षेत्र के सन्दवापुर निवासी पत्रकार जीतेन्द्र राय के घर मंगलवार की रात भीषण चोरी हुई। इस संबंध में पत्रकार ने पुलिस को तहरीर दे दी है। संदवापुर निवासी पत्रकार जीतेन्द्र राय के परिवार के सदस्य मंगलवार की रात में भोजनोपरांत मकान के अन्दर गहरी नींद में सो रहे थे। उसी दौरान रात में चोर आये और बाहरी भाग में स्थित पुराने शौचालय की छत के सहारे ऊपर चढ़कर मकान के अंदर प्रवेश कर गए। इस दौरान एक कमरे में पड़े गोदरेज की अलमारी को खोलकर उस में रखे 19 हजार रुपया नकद के साथ ही सोने के 10 थान गहने ले कर चले गए। परिवार वालों को चोरी का पता तब चला जब जितेन्द्र राय की पत्नी की मध्य रात में अचानक आंख खुली तो अलमारी का दरवाजा खुला देख कर सन्न रह गई। जब उन्होंने अलमारी के अन्दर देखा तो उस में रखे उनके और उनके भाई की पत्नी के सारे जेवर और नकदी गायब थे। त

### संदिग्ध हालत में नवविवाहिता की मौत

**बलिया।** नगरा बाजार में 22 वर्षीय विवाहिता की मंगलवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मृतका के दरवाजे पर भारी भीड़ जुट गई। मायके वाले भी पहुंच गए। विवाहिता के घर वाले शव को लेकर देर रात तक निजी अस्पतालों का चक्कर लगाते रहे। पुलिस के दबाव पर शव को घर लाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। नगरा बाजार निवासी धनंजय शर्मा की शादी थाना क्षेत्र के किशोरगंज निवासी सुशील शर्मा की पुत्री कुसुम से माह दिसंबर 2022 में हुई थी। मंगलवार को कुसुम की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई। विवाहिता के घर वाले मऊ लेकर गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना थानाध्यक्ष नगरा को दी गई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों पर दबाव बनाने के लिए मृतका के पति को हिरासत में ले लिया। तब परिजन बोलेरो से शव लेकर थाने पहुंचे।

## पेपर सॉल्वर गैंग के चार मुन्ना भाई धराए

- मोहम्दाबाद गोहना-करहां मुख्य मार्ग पर स्थित भैसहा मोड़ के पास पकड़े गए चारों
- 67 मार्कशीट एवं सर्टिफिकेट, अन्य दस्तावेज, दो जीपीएस, दो इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस सहित अन्य सामान बरामद

**केटी न्यूज/मऊ**



मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के भैसहा मोड़ के पास से पुलिस ने पेपर सॉल्वर गैंग के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मऊ पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक मुहम्मदाबाद गोहना डॉ. अजय विक्रम सिंह के द्वारा अपराध व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस को यह सफलता मिली। बुधवार को कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी ने प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए बताया कि पेपर सॉल्वर गैंग के बड़े रैकेट को पकड़ा गया है।

मुखबिर की सूचना पर मोहम्दाबाद गोहना-करहां मुख्य मार्ग पर स्थित भैसहा मोड़ के पास इन चारों लोगों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। इन सबों के पास से पुलिस ने 67 मार्कशीट एवं सर्टिफिकेट अन्य दस्तावेज व दो जीपीएस, दो नकल करने का उपकरण, दो इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, पतला तार लगा हुआ एक जोड़ा माइक्रोफोन, एक चिप, मेडिकल ऑफिसर इलाहाबाद की मुहर, पैड, तीन सिल्वर ऑक्साइड बैटरी, पन्द्रह हजार नगद, एक सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और लगभग 47 ब्लैंक चेक हस्ताक्षर किए हुए बरामद हुए।

गिरफ्तार किए गए लोगों में इंद्रजीत निवासी सुपनधा थाना विंध्याचल-मिजार्पुर, अनिल कुमार चैहान ग्राम ओटनी मोहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ, अश्वनी तिवारी मुंगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर और अमरेंद्र बहादुर बिंद निवासी गद्दोपुर जनपद जौनपुर शामिल हैं। पुलिस ने चारों को जेल भेज दिया।

### गाजीपुर में आयोजन, गंगा की स्वच्छता पर हुआ नुक्कड़ नाटक, डीएम व एसपी के अलावा अन्य अधिकारी रहे मौजूद

# मोक्षदायिनी गंगा की हुई भव्य आरती, लोगों ने ली स्वच्छता की शपथ

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



मिशन लाइफ अंतर्गत जिला गंगा समिति के सौजन्य से चीतनाथ घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गंगा आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक रहे। प्रभागीय निदेशक द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया। गंगा स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक तथा स्कूल की छात्राओं द्वारा गंगा गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात काशी बटुकनाथ दरबार बृहद मंत्रोच्चार के साथ गंगा आरती की गई। इसमें काफी लोगों ने हिस्सा लिया। आरती के पश्चात उपस्थित लोगों को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। डीएम द्वारा गाजीपुर के घाटों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जनता से अपील की गई एवं घाटों पर समितियां बनाकर लगातार आरती कराने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शहर, उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी शहर एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं लोग उपस्थित रहे।

### गंगा भारतीय सभ्यता व संस्कृति की प्राण धारा: डीएम

गाजीपुर डीएम आर्यका अखौरी ने अपने संबोधन में कहा कि गंगा महज एक नदी नहीं, अपितु भारतीय सभ्यता व संस्कृति की प्राण धारा है। सदियों से गंगा नदी अपने निर्मल जल से भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का पालन-पोषण करती आई है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि विगत कई दशकों से गंगा का यह निर्मल जल प्रदूषित हो गया है और गंगा के अस्तित्व पर संकट के बादल छा रहे हैं। यह महज गंगा जल का प्रदूषण नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का प्रदूषण है। इस नेक कार्य में आम जनता की प्रतिबद्धता भी सुनिश्चित करनी होगी। यदि विभिन्न स्तरों पर सार्थक प्रयास किये जाएं तो निश्चित तौर पर गंगा एक बार पुनः अपने निर्मल अविरल जल से जीवनदायिनी बनकर भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को पल्लवित एवं पुष्पित कर सकेगी।